हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 23 मई 2025

10 नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में दस बैड का वार्ड तैयार किया



10 पार्क के सौंदर्यीकरण के कार्य का शुभारंभ



## खबर संक्षेप

### बाइकों की भिड़ंत में दो घायल, केस दर्ज

**जींद।** गांव बिटानी के निकट दो बाइकों के बीच हुई भिडंत में एक बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर दूसरे बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बिटानी निवासी विनोद ने शिकायत में बताया कि वह अपने दोस्त संदीप के साथ गांव कारखाना से बाइक पर सवार होकर घर लौट रहा था। गांव के निकट ही सामने से आ रहे तेज रफ्तार बाइक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

### देह व्यापार करवाने के मामले में आरोपी काबू

**कैथल।** देह व्यापार के मामले की जांच डीएसपी मुख्यालय बीरभान द्वारा करते आरोपी गांव मूंदड़ी निवासी विकास को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 20 मई को महिला थाना प्रभारी एसआई वीना की टीम को सूचना मिली कि शुगर मिल के करनाल रोड पर मकान में राजौंद निवासी महिला ममता व उसका साथी मूंदड़ी निवासी विकास बाहर से औरतो को बुलाकर ग्राहकों से अनैतिक कार्य करवाकर रुपये वसुली करते है।

### पहले पिलाई शराब, फिर पीटा, तीन पर केस दर्ज

**जींद।** नरवाना में पहले युवक को शराब पिलाई फिर मारपीट कर घायल कर दिया। नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर तीन युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मोर पत्ती नरवाना निवासी संदीप ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि उसके दोस्त कुलदीप ने उसे फोन कर सब्जी मडी मे बुला लिया। जिसके साथ एक युवक मनोज भी था।

## यूजी कोर्स में मेरिट लिस्ट को लेकर शेड्यूल जारी

# छात्र नौ जून तक कर सकेंगे आवेदन उन्नीस को लगेगी पहली मेरिट लिस्ट

### 25 जून को दूसरी प्रोविजनल और 26 जून को फाइनल मेरिट लिस्ट जारी होगी

### पहली मेरिट लिस्ट में स्थान पाने वाले छात्रों को 20 से लेकर 23 जून तक फीस भरनी होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

यूजी कोर्स में मेरिट लिस्ट को लेकर उच्चतर शिक्षा विभाग ने शेड्यूल जारी कर दिया है। उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार दाखिले के लिए विद्यार्थी ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 19 मई से लेकर छह नौ तक कर सकेंगे। दस जून तक विद्यार्थी संकायों में बदलाव कर सकते हैं। कॉलेजों की दाखिला कमेटी द्वारा विद्यार्थियों के दस्तावेजों की ऑनलाइन जांच का कार्य 21 मई से लेकर 15 जून तक रहेगा। पहली प्रोविजनल मेरिट लिस्ट 18 जून को लगेगी। जबकि फाइनल मेरिट लिस्ट 19 जून को जारी होगी। पहली मेरिट लिस्ट में स्थान पाने वाले विद्यार्थी 20 जून से लेकर 23 जून तक फीस भर सकते हैं। इसके बाद 25 जून को दूसरी प्रोविजनल और 26 जून को फाइनल मेरिट लिस्ट जारी होगी। जिन विद्यार्थियों का नाम दूसरी मेरिट लिस्ट में आएगा, वे 27 जून कसे लेकर 29 जून तक फीस भर सकेंगे। दो मेरिट लिस्ट के बाद भी अगर कॉलेजों में खाली सीट रह जाती है तो एक जुलाई से फिजिकल काउंसलिंग के तहत दाखिला प्रक्रिया शुरू होगी। ऐसे में दो जुलाई को दाखिले के इच्छुक विद्यार्थियों के आवेदन को लेकर दोबारा से उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा पोर्टल खोला जाएगा। तीन जुलाई से लेकर नौ जुलाई तक 100 रुपये लेट फीस के साथ विद्यार्थी दाखिला ले सकते हैं। फिर दस जुलाई से लेकर 15 जुलाई तक पहले वाले 100 रुपये लेट फीस और 100 रुपये हर रोज लेट फीस भरकर विद्यार्थी दाखिला ले सकेंगे। वहीं महाविद्यालयों में यूजी कोर्स में रजिस्ट्रेशन को लेकर 19 मई से आवेदन प्रक्रिया जारी है। ऐसे में विद्यार्थियों द्वारा कॉलेजों में दाखिले के लिए अपनी पसंदीदा संकाय में आवेदन किए जा रहे हैं। शहर के राजकीय प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय, राजकीय मजाविद्यालय में दाखिले को लेकर सबसे ज्यादा आवेदन आ रहे हैं। जींद जिले में 17 राजकीय और निजी महाविद्यालयों सहित सीआरएसयू में यूजी कोर्स की साढ़े 11 हजार सीटें हैं। जबकि 12वीं कक्षा में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड और सीबीएसई से लगभग 15 हजार विद्यार्थी पास हुए हैं। उच्चतर शिक्षा विभाग ने अब मेरिट लिस्ट को लेकर शेड्यूल जारी किया है।




### नौ जून तक ऑनलाइन आवेदन



राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सत्यवान ने बताया कि उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा कॉलेजों में मेरिट लिस्ट व आवेदन प्रक्रिया को लेकर शेड्यूल जारी किया गया है। जिसके तहत नौ जून तक विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ-साथ ही कॉलेजों की कमेटी द्वारा दस्तावेजों की ऑनलाइन जांच की जाएगी। 19 जून को पहली मेरिट लिस्ट जारी होगी।



### आईटीआई में दाखिले के शेड्यूल का इंतजार

**जींद।** हरियाणा विद्यालय बोर्ड और दसवीं का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद विद्यार्थियों को आईटीआई में दाखिला का शेड्यूल जारी होने का इंतजार है। सीबीएसई का 10वीं कक्षा का परिणाम 13 मई और हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड का परिणाम 17 मई को जारी हो चुका है। इस बार 10वीं कक्षा में दोनों बोर्ड से लगभग 20 हजार विद्यार्थी पास हो चुके हैं। जबकि जिलेभर की 25 राजकीय और निजी आईटीआई में विभिन्न ट्रेड में 5244 सीट हैं। इसमें से नौ राजकीय आईटीआई में 2688 और 16 निजी आईटीआई में 2556 सीट हैं। ऐसे में जिलेभर की आईटीआई में दाखिले को लेकर मारामारी रहेगी। विद्यार्थियों की सबसे पहली पसंद जींद की कैथल रोड स्थित राजकीय आईटीआई रहती है। यहां आवेदन के समय कई ट्रेड में 100 से ऊपर मेरिट लिस्ट रहती है। वहीं राजकीय आईटीआई में निर्धारित सीटों पर तीन से चार गुना आवेदन भी आते हैं। ऐसे में विद्यार्थियों के लिए आईटीआई में दाखिले को लेकर प्रतिस्पर्धा देखने को मिल सकती है। राजकीय आईटीआई के प्राचार्य नरेश कुमार ने बताया कि कैथल रोड स्थित राजकीय आईटीआई में दाखिले को लेकर विद्यार्थियों की काफी रुचि रहती है। दाखिले के समय आवेदन भी काफी आते हैं। विद्यार्थियों के लिए आईटीआई में काफी अच्छी ट्रेड हैं। आईटीआई में दाखिले को लेकर कोई शेड्यूल नहीं आया है। अगर शेड्यूल आता है तो विद्यार्थियों को अवगत करवा दिया जाएगा।

# अमरीश पुरी का पोस्टर लगी ऑल्टो कार का काटा चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल में पुलिस ने फिल्म अभिनेता अमरीश पुरी का बड़ा पोस्टर लगी ऑल्टो कार का चालान कर दिया। कार में पोस्टर को लेफ्ट साइड की पिछली खिड़की के ऊपर इस तरह लगाया था कि जैसे ही खिड़की का शीशा खुलता तो अमरीश पुरी की पूरी तस्वीर सामने आती। अगर शीशा नहीं खुला तो तस्वीर सामने नहीं आ रही थी। यातायात पुलिस की टीम इसकी सूचना पर पिहोवा चौक पर पहुंची और नाका लगाया। जैसे ही कार उनके पास आई तो तुरंत गाड़ी की चेकिंग की गई कि उसमें कोई नशीला पदार्थ इत्यादि न छुपाया हो। पुलिस ने अमरीश पुरी के पोस्टर को तुरंत पुलिस ने हटवा दिया। पुलिस ने कार ड्राइवर का एक हजार रुपये का चालान काट दिया। पुलिस ने जब कार के अंदर देखा तो उसमें चार युवक सवार मिले, जो सभी शहर के शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाले हैं। कार के लेफ्ट साइड के पिछली खिड़की के शीशे पर यह तस्वीर लगाई थी। कार के मालिक ने पूछताछ में बताया कि वह अमरीश पुरी का फैन है। पुलिस ने चालान करने के बाद गाड़ी को छोड़ दिया है और पोस्टर को हटवा दिया। साथ ही युवकों को चेतावनी दी कि अगर दोबारा इस प्रकार की हरकतें की तो चालान करने के बजाय उसे इंपाउंड कर लिया जाएगा। उन्होंने आमजन से अपील की है कि यातायात नियमों का पालन करें। वाहनों की अनावश्यक डेकोरेशन न करवाएं और प्रेशर हॉर्न इत्यादि नहीं लगवाएं। अगर ऐसा करते हैं तो आवश्यक कार्रवाई की जाएगी और वाहन को जब्त भी किया जा सकता है।




अमरीश पुरी का बड़ा पोस्टर लगी ऑल्टो।

### पद लिखवाना भी गलत

ट्रैफिक एसएचओ राजकुमार राणा ने कहा कि गाड़ी पर इस प्रकार के पोस्टर लगाना नियमों के खिलाफ है। कई बार लोग अपनी गाड़ी के ऊपर सरपंच, पुलिस, किसी दल का अध्यक्ष और अन्य पद लिखवा लेते हैं। ऐसे में अगर उन गाड़ियों को उन व्यक्तियों के बच्चे चलाते हैं तो वे भी इन पदों की फीलिंग लेते हैं। वे वाहनों को गलत तरीके से चलाते हैं और हादसे की संभावना रहती है। गाड़ियों में शीशे पर काली फिल्म लगवा देते हैं, यह भी नियमों का उल्लंघन है। ऐसे वाहनों का ड्राइवर और इंपाउंड करने का प्रावधान है।

### बिजली कर्मियों के निलंबन के विरोध में प्रदर्शन आज

**जींद।** उपमंडल अधिकारी शहरी दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम कार्यालय पर वीरवार को तीसरे दिन भी बिजलीकर्मियों ने बैठक कर रोष जताया। पूर्व प्रधान दिनेश मक्कड़ व मंच का संचालन सुरेंद्र जागलान ने किया। बैठक का उद्देश्य बिजली चेकिंग पर गए सफीदों डिवीजन में 4 कर्मचारी साथियों का गलत तरीके से राजनैतिक प्रभाव से निलंबित करना है। जब तक कर्मचारियों को बहाल नही किया जाता जींद सर्कल की सभी कार्यालयों पर प्रदर्शन जारी रहेगा। 23 मई को शहर में प्रदर्शन किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### मकान से जेवरात चोरी का मामला दर्ज

**जींद।** गांव खरकबूरा में चोरों ने मकान से सोना, चांदी के जेवर चोरी करने पर उचाना थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव खरकबूरा निवासी सुलेखा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके घर में शादी था। जिसके संपन्न होने पर उसने अपने सोना व चांदी के जेवरात बक्से में बंद कर संदूक में रखे थे। गत दिवस जब उसने अपने जेवरात संभाले तो वे गायब थे।

### हमला कर तीन को घायल करने पर केस

**जींद।** गांव नचार खेड़ा में जमीन विवाद के चलते हमला कर तीन लोगों को घायल करने पर उचाना थाना पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव नचारखेड़ा निवासी सुनील ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका उसके ताऊ धर्मपाल के साथ जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा है। वह अपनी मां तथा बहन के साथ खेत मे गया हुआ था।

### विधवा सेल की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित

**जींद।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मोनिका की अध्यक्षता में विधवाओं के लिए दी जाने वाली सुविधाओं व उनके कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओ को लेकर विधवा सेल की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीजेएम मोनिका ने संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

### विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही

**जींद।** सरकार द्वारा महिलाओं को सशक्त, स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। सरकार की ओर से हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से महिलाओं के उत्थान व स्वरोजगार स्थापित करने में सहायता प्रदान कर रही है। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में विधवा अनुदान योजना शुरू की है।

### राज्य स्तरीय स्काउट कैंप में लहराया परचम

**अलेवा।** अंबाला में 20 से 22 मई तक आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय स्काउट कैंप के ड्राइंग प्रतियोगिता में एसएम पब्लिक स्कूल भोंसला के विद्यार्थी यश ने प्रथम, शिवम ने द्वितीय तथा मोहित द्वारा तीसरा स्थान प्राप्त करने पर स्कूल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या इति गर्ग ने की तथा मुख्य रूप से स्कूल निदेशक कुलदीप सैनी ने भाग लिया।

### होनी को कोई भी टाल नहीं सकताः अहिरका

**जींद।** असमर्थ महिला कल्याण ट्रस्ट के संस्थापक रामनिवास अहिरका ने कहा कि अटल प्रारब्धवश जो कार्य न चाहते हुए भी हो कर रहे, उन्हें होने कहते हैं। एक दिन पांडवों के पोते जन्मेजय ने वेद व्यास से कहा कि मुनिवर यदि कृष्ण भगवान थे तो उन्होंने महाभारत के युद्ध को क्यों नहीं रोका। वेद व्यास ने कहा कि बेटा आजतक होनी को कोई भी नहीं टाल सका है।

### पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए रखे कसौरे

**जींद।** राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल काब्रच्छा में दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने इंचार्ज माखनलाल के नेतृत्व में अत्यधिक गर्मी को देखते पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए पानी के कसौरे रखे गए। मक्खन लाल ने बताया कि अगर पर्यावरण की विविधता को हमने संजोए रखना है तो अपने आसपास जीव जंतुओं और पेड़ पौधों के रक्षा करना अति आवश्यक है।

### ब्राह्मण धर्मशाला में एक जून को रक्तदान शिविर

**जींद।** ब्राह्मण धर्मशाला उचाना में एक जून को रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष बलराम पहुंचेंगे। आयोजक पूर्व सरपंच बड़ौदा ईश्वर शर्मा एवं खेड़ा खाप प्रधान सतबीर शर्मा ने बताया कि भीष्म युवा परिवार समिति रोटी बैंक उचाना मंडी द्वारा इसका आयोजन किया जा रहा है।

## देश में कोरोना के मामले सामने आने पर विभाग अलर्ट

# नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में दस बैड का स्पेशल वार्ड तैयार किया

### *फिजिशियन डॉ. गौरव को नोडल अधिकारी नियुक्त किया*

### मरीजों के परीक्षण करने व आरटीपीसीआर किट रखने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

देश में सामने आ रहे कोरोना के मामलों को देखते जींद स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट मोड में आ गया है। स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक ने वीसी के माध्यम से स्वास्थ्य अधिकारियों को नागरिक अस्पताल में कोरोना वायरस को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जिसमें पीड़ितों के लिए अलग से स्पेशल वार्ड व नोडल अधिकारी नियुक्त करने के आदेश दिए हैं। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुरानी बिल्डिंग के प्रथम तल पर स्थित मेडिकल वार्ड के प्रथम कक्ष में कोविड मरीजों के लिए दस बैड आरक्षित कर दिए हैं। इसके अलावा चिकित्सा अधिकारी(फिजिशियन) डा. गौरव को नोडल अधिाकरी नियुक्त किया गया है। गौरतलब है कि कोरोना वायरस फिर वापसी करता हुआ नजर आ रहा है। महाराष्ट्र और केरल में कोरोना वायरस के मामले सामने आने पर स्वास्थ्य विभाग ने भी अहतियात बरतनी शुरू कर दी है। अस्पताल में कोरोना के लक्षण वाले मरीजों के परीक्षण करने व आरटीपीसीआर किट और अन्य सुरक्षा उपकरण उपलब्ध रखने के आदेश दिए गए हैं। इसके अलावा आने वाले बरसात के मौसम को देखते हुए लोगों को डेंगू और पानी से फैलने वाली बीमारियों से भी सावधान रहने के लिए कहा गया है। हालांकि कोरोना के ओमिक्रोन वैरिएंट के सबवैरिएंट जेएन-1 का एक भी मामला सामने नही आया है। कोरोना को लेकर सजगता दिखाते हुए नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में दस बैड का स्पेशल वार्ड बना दिया है। इसके अलावा कोरोना उपचार को लेकर दवाइयों का स्टॉक रखा गया है। साथ ही स्वास्थ्यकर्मियों की डयूटियां भी लगाई गई हैं। मरीजों को कोरोना के प्रति स्वासथ्यकर्मियों द्वारा जागरूक किया जा रहा है। यह हैं लक्षणः स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार जेएन-1 कोरोना के ओमिक्रॉन वायरस का ही एक वैरिएंट है। कोरोना वायरस के इस वैरिएंट के लक्षण भी ओमिक्रॉन से कुछ खास अलग नही हैं। इससे संक्रमित मरीजों में गला खराब, थकान, सिर दर्द और कफ इत्यादि जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। हालांकिए कई लोगों के स्वास्थ्य और इम्यून सिस्टम पर भी यह लक्षण निर्भर करते हैं। मगर जेएन-1 के कुछ बड़े लक्षणों में डायरिया या सिरदर्द शामिल हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत चिकित्सक से उपचार करवाएं।



**जींद।** नागरिक अस्पताल में बनाया गया स्पेशल वार्ड।

### मास्क का करें प्रयोग : डॉ. भोला

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि जिन लोगों को जुखाम, गले में खराश, खांसी या सांस लेने में दिक्कत हो, उन्हें मास्क पहनना चाहिए। बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं और गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोग सार्वजनिक स्थानों पर और सफर के दौरान मास्क पहनें। अस्पतालों में आए तो मास्क अवश्य पहनें। स्वास्थ्यकर्मियों को भी मास्क पहनना चाहिए।

# छात्र खेलों के साथ हर गतिविधि में बढ़चढ़ कर भाग लें : राजीव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नरवाना रोड स्थित रिषिकुल पब्लिक स्कूल के छात्र लक्ष्य चहल ने लॉन बॉल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीत कर जिला का नाम रोशन किया है। स्कूल प्रिंसिपल राजीव गिल ने बताया कि पंचकूला में आयोजित छठी राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में लक्ष्य ने लॉन बाल प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाई और प्रतिद्वंदी खिलाडियों को पछाड़ते हुए गोल्ड मेडल जीता। लक्ष्य चहल की इस उपलब्धि पर स्कूल में कार्यक्रम आयोजित कर उसे सम्मानित किया गया। प्रधानचार्य राजीव गिल ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि उन्हें भी खेलों के साथ-साथ हर गतिविधि में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। प्रतियोगिता में भाग लेने से ही हमारे अंदर छुपी प्रतिभा उभर कर सामने आती हैं। नेशनल लेवर पर लक्ष्य ने यह गोल्ड मेडल जीत कर स्कूल, जिला व प्रदेश का नाम रोशन किया है।


**जींद।** लक्ष्य को गोल्ड मेडल पहना कर सम्मानित करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*


**जींद।** दाखिले के लिए आवेदन करते छात्राएं। *फोटो :हरिभूमि*

### शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया आरंभ

**जींद।** हिंदू कन्या कालेज छात्राओं की पहली पसंद बनकर उभर रहा है। जैसे ही नए शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया आरंभ हुई, छात्राओं में दाखिले को लेकर उत्साह देखा गया। महाविद्यालय में बीए, बीएससी, बीकॉम और बीसीए जैसे स्नातक प्रोग्राम्स में नामांकन चल रहा है। प्रवेश फार्म लेने के लिए प्रतिदिन छात्राएं कॉलेज पहुंच रही हैं और कई छात्राओं ने पहले ही पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी कर ली है। कॉलेज प्रशासन का कहना है कि इस वर्ष भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुशासित वातावरण की बदौलत महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाली छात्राओं की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। अनुभवी एवं समर्पित शिक्षकगण, आधुनिक पुस्तकालय व कंप्यूटर लैब, एनसीसी, एनएसएस एवं सांस्कृतिक गतिविधियां, एवं प्रेरणादायक शिक्षण वातावरण महाविद्यालय को विशेष खूबियां हैं। प्राचार्या डा. पूनम ने बताया कि वो छात्राओं को केवल किताबी ज्ञान ही नही बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और संस्कारवान बनाने की दिशा में भी निरंतर कार्य कर रहे हैं।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर तैयारियां प्रारंभ

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई हैं। उपमंडल स्तर पर मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर संबंधित एसडीएम को बनाया नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जनमानस में जागरूकता के लिए 19 जून को योग मैराथन करवाई जाएगी। यह मैराथन दौड़ प्रातः छह बजे अर्जुन स्टेडियम नजदीक रानी तालाब से एकलव्य स्टेडियम तक आयोजित की जाएगी। जिलावासी इस योग मैराथन दौड़ में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लें। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि पिल्लूखेड़ा व सफीदों खंड के लिए एसडीएम सफीदों, नरवाना व उझाना खंड के लिए नरवाना एसडीएम, उचाना तथा अलेवा खंड के लिए एसडीएम उचाना तथा जुलाना खंड के लिए जुलाना एसडीएम को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर सभी खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी की भी ड्यूटी निर्धारित की गई है।

### साइबर सुरक्षा पर सेमिनार आयोजित

**जींद।** महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन द्वारा हरियाणा नॉलेज कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचकेसीएल) पंचकूला के सहयोग से वीरवार को मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस डिजिटल साक्षरता एवं साइबर सुरक्षा जैसे अत्यंत आवश्यक विषयों पर एक जागरूकता सेमिनार का सफल आयोजन किया। सेमिनार के मुख्य वक्ता एचकेसीएल से क्षेत्रीय निदेशक जितेंद्र नेगी एवं मैनेजमेंट एग्जीक्यूटिव राहुल शर्मा रहे। दोनों विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों के साथ संवादात्मक एवं प्रेरणादायक चर्चा की। कार्यक्रम में महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन के अध्यक्ष राजकुमार भोला, मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल के प्राचार्य रविंद्र कुमार, वीपी शर्मा, मुकेश कुमार शर्मा, पवन कौशिक सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।


**जींद।** बच्चों को साइबर सुरक्षा की जानकारी देते हुए।


**नरवाना।** कैंप में भाग लेते हुए बच्चे। *फोटो :हरिभूमि*

### सरकार ने जारी किया ये आदेश

**नरवाना।** हरियाणा योग आयोग एवं आयूष विभाग हरियाणा के संयुक्त तत्वाधान में 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को धूमधाम से मनाने के लिए जिला जींद की व्यायामशालाओं में 21 जून की रिहर्सल के रूप में जिले के योग सहायकों द्वारा लाइव योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर लगाए जा रहे हैं। जिसके चलते जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ अमित रोहिल्ला के आदेशानुसार योग कॉर्डिनेटर योगेश के मार्गदर्शन व योग विशेषज्ञ गोविन्दा के सहयोग से नरवाना ब्लॉक के मोहलखेड़ा गांव की व्यायामशाला में ये शिविर लगाया। कार्यक्रम हरियाणा योग आयोग की फेसबुक आईडी पर लाइव चलाया गया। गांव के सैंकड़ों से अधिक संख्या में युवाए बुजुर्ग महिलाओं व बच्चों ने इस कार्यक्रम में अपनी भागीदारी की। कार्यक्रम में उचाना, उझाना और नरवाना ब्लॉक के योग सहायकों की टीम भी उपस्थित रही। योगी सतीश भारतीय ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कोच कुलदीप ने योग का वर्णन बताते सूक्ष्म व्यायाम का अभ्यास करवाया।

### सरकार ने जारी किया ये आदेश

**नरवाना।** किसानों का परपंरागत खेतीबाड़ी से हटकर तकनीकी खेतीबाड़ी की तरफ रूझान बढ़ रहा है लेकिन अधूरे ज्ञान के साथ कोई भी कार्य सफल नहीं हो सकता । किसानों की इस समस्या को देखते पंजाब नैशनल बैंक कृषक प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा समय . समय पर किसानों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाता हैं। इस कड़ी में केन्द्र द्वारा पॉली हाउस का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया । इस प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न जगहों से किसानों ने हिस्सा लिया। मौके पर डॉ दीपक वर्मा ; एचडीओ नरवाना,कीट विज्ञान और डॉ बलजीत लाठर ;एसडीएओ नरवानाद्ध ने किसानों को संबोधित करते बताया कि पॉली हाउस ;प्लास्टिक के हरित गृह ऐसे ढाँचे हैं जो परपंरागत खेती के स्थान पर बेमौसमी फसलोत्पादन के लिए उपयोग में लाए जा रहे हैं।



**नरवाना।** प्रशिक्षण शिविर में भाग लेते हुए। *फोटो :हरिभूमि*


**सफीदों।** तिरंगा यात्रा में शामिल भाजपाई। *फोटो :हरिभूमि*

### तिरंगा यात्रा निकाली

**सफीदों।** भाजपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य व हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के पूर्व सदस्य एडवोकेट विजयपाल सिंह के नेतृत्व में नगर की सैनी धर्मशाला से नहर पूल स्थित महाराजा जस्सा सिंह अहलूवालिया की प्रतिमा तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष तेजेंद्र ढूल विशेष रूप से मौजूद रहे। तिरंगा यात्रा में सैकड़ों लोगों ने अपने हाथ में तिरंगा उठाकर भारत माता की जय, हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगा कर शहर में देशभक्ति का माहौल बना दिया। अपने संबोधन में एडवोकेट विजयपाल सिंह ने कहा कि पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों ने जिस तरह से कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों की धर्म पूछकर निर्मम हत्या की थी, उससे देश की 140 करोड़ जनता में भारी आक्रोश था।यह सब भारत के ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद मोदी के कुशल नेतृत्व में ही संभव हो पाया।


**जींद।** समाधान शिविर में शिकायतें सुनते डीसी। *फोटो :हरिभूमि*

### समाधान शिविर में सुनी समस्याएं

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने वीरवार को लघु सचिवालय सभागार में आयोजित समाधान शिविर में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल शिकायतों का निवारण करने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिला स्तरीय समाधान शिविर में आई अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निदान कर दिया गया और शेष पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए गए। आयोजित समाधान शिविर में पेयजल आपूर्ति, बिजली, अवैध कब्जा, प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र व पेंशन व पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतें फरियादियों द्वारा रखी गई, जिनका डीसी ने संज्ञान लेते मौके पर ही अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए।

# एक पेड़ मां के नाम केंद्र सरकार की अनोखी पहल : गुरमीत सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

एक पेड़ मां के नाम योजना केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के साथ ही मां के प्रति प्यार को समर्पण है । यह बात जन स्वास्थ्य अभितांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता गुरमीत सिंह ने वीरवार को नरवाना मंडल में पब्लिक हेल्थ डिपार्टमेंट व राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एनयूएलएम) स्टाफ के साथ साथ स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को संबोधित करते कही। मौके पर जिला सलाहकार रणधीर मताना, उपमंडल अभियंता नवीन मुंडे, उपमंडल अभियंता कुलदीप कुहाड, नरवाना व उचाना शहर से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं सहित विभाग के अन्य कर्मचारी, अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यकारी अभियंता ने कहा कि वृक्षारोपण का उद्देश्य न केवल पर्यावरण की सुरक्षा है बल्कि एक पेड़ मां के नाम से ही प्रतीत होता है कि यह समाज को अपने परिवार की धुरी यानि मां को समर्पित है।



**जींद।** पौधे लगाने के लिए पहुंची टीम। *फोटो :हरिभूमि*


**जींद।** होनहार छात्र स्कूल प्रबंधन के साथ। *फोटो :हरिभूमि*

### तीन लाख की सहायता राशि प्रदान की

**जींद।** गोपाल विद्या मंदिर विद्यालय जींद के पूर्व छात्रों द्वारा समाज में अच्छी शिक्षा से वंचित रहने वाले तथा आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को शिक्षा दिलवाने की एक अनूठी पहल की है। पूर्व छात्र संयोजक और विद्यालय के वरिष्ठ वाणिज्य प्रवक्ता संदीप गर्ग ने बताया कि पूर्व छात्रों द्वारा एकत्र इस धन राशि का उपयोग वास्तव में आर्थिक रूप से कमजोर छात्र विद्यार्थियों की शिक्षा व्यवस्था पर किया जाएगा। पूर्व छात्र संगठन ने इस पहल से अपने विद्यालय के प्रति समर्पण भाव को प्रकट किया तथा समाज में आर्थिक स्थिति से कमजोर विद्यार्थियों का चिंतन करते हुए समाज को विश्व बंधुत्व का पाठ पढ़ाया है। प्रधानाचार्य अजय कौशिक ने कहा कि विद्यालय के पूर्व छात्र जो कि बेंगलुरु की आइटी कंपनी में अभियंता के पद पर कार्यरत गिरिराज गोयल, विद्यालय में पूर्व छात्र संयोजक संदीप तथा पूर्व छात्र तिलक जिंदल ने मिल कर एक सराहनीय प्रयास करते हुए हम सबके लिए शिक्षा और सहयोग की भावना का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। विद्यालय प्रशासन द्वारा भी पूर्व छात्रों के इन प्रयासों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की गई।

## शहीदों की शहादत को कभी भुलाया नही जा सकता : डॉ. सैनी

# पार्क के सौंदर्यीकरण के कार्य का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नगर परिषद जींद द्वारा वार्ड नंबर 22 में शहीद कैप्टन पवन कुमार पार्क के नवीनीकरण ओर सौंदर्यकरण के कार्य का उद्घाटन डा. राज सैनी चेयरपर्सन प्रतिनिधि एवं जिला महामंत्री भाजपा के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान शहीद कैप्टन पवन कुमार के पिता राजबीर भी मौके पर मौजूद रहे। इस अवसर पर डा. राज सैनी के नेतृत्व में शहीद पवन कुमार के पिता राजबीर कुमार द्वारा विकास कार्य का नारियल फोड़ कर उद्घाटन किया। डा. राज सैनी ने कहा कि शहीद कैप्टन पवन कुमार की याद में इस पार्क का नामकरण किया गया था। क्योंकि शहीदों के प्रति हमारे दिल में देशभक्ति का एक अलग जनून है। इनकी शहादत को हम कभी नहीं भूल सकते। क्योंकि उन्होंने हमारे देश, प्रदेश और जिले के साथ माता-पिता का नाम रोशन किया है। इस पार्क को भव्य रूप देने के लिए इसके विकास कार्य के लिए निर्माण कार्य आज से शुरू किया गया है। इस पार्क के नवीनीकरण में अभी तीन लाख 70 हजार की लागत से कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही चेयरपर्सन प्रतिनिधि डा. राज सैनी ने वार्ड 22 के अनेकों पार्कों का मौका निरीक्षण किया। नगर पार्षद संतोष श्योराण ने बताया कि शहीद कै पवन कुमार की प्रतिमा भी पार्क में लगाई जाएगी ताकि आने वाली पीढ़ी भी शहीद कै पवन कुमार की शहादत को याद रख सके। नगर पार्षद संतोष श्योराण ने बताया कि नप जींद द्वारा वार्ड 22 में लगातार विकास कार्य किए जा रहे है। जल्दी ही अनेकों पार्कों का सौंदर्यकरण का कार्य भी शुरू कर दिया जाएगा।


**जींद।** पार्क सौंदर्यीकरण का शुभारंभ करते शहीद कैप्टन पवन के पिता।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर वार्ड नबर 22 से पार्षद प्रतिनिधि डा. बलबीर श्योराण, महावीर रेढ़ू, सतीश हरियाणवी, सुनील कुमार, विक्की, रमेश मलिक, सुभाष, डीके भारद्वाज, महाबीर श्योराण, नवीन आदि मौजूद थे।


**सफीदों।** कथा का श्रवण करते श्रद्धालुगण। *फोटो :हरिभूमि*

### श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का किया वर्णन

**सफीदों।** नगर की गुरुद्वारा गली स्थित शिव शक्ति कृपा मंदिर संकीर्तन भवन में श्रीमद् दंडी स्वामी डॉक्टर निगमबोध तीर्थ महाराज के सानिध्य में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में श्रद्धालुओं को व्यास पीठ से श्रद्धालुओं को संबोधित करते कथा वाचक विपिन चंद्र शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन पर प्रकाश डालते कहा कि भगवान की लीलाएं मानव जीवन के लिए प्रेरणादायक हैं। भगवान कृष्ण ने बचपन में अनेक लीलाएं की। बाल कृष्ण सभी का मन मोह लिया करते थे। राक्षसी पूतना, जो श्रीकृष्ण को मारने के लिए विषयुक्त दूध पिलाने आई थी, का उद्धार श्रीकृष्ण ने किया था। पूतना को श्रीकृष्ण ने अपने स्तनपान के माध्यम से ही जान से मार दिया, जिससे उसे मोक्ष प्राप्त हुआ। नटखट स्वभाव के चलते यशोदा मां के पास उनकी हर रोज शिकायत आती थी। शास्त्री ने कहा कि भगवान कृष्ण अपनी सखाओं और गोप-ग्वालों के साथ गोवर्धन पर्वत पर गए थे।

## खबर संक्षेप

### चोरी करने के मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ द्वारा 2 आरोपियों को काबू किया गया। जिनसे पूछताछ दौरान जिला कैथल व जींद में मकान में सेंधमारी करके चोरी करने की 4 वारदाते सुलझी है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि भागल निवासी निवासी लाल सिंह की शिकायत अनुसार 30 अप्रैल को मकान की पीछे की खिड़की उखाड़कर अज्ञात व्यक्ति द्वारा 10 तोला आभूषण व 1लाख रुपए नकदी चोरी कर ले गए थे।

### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को लेकर विचार विमर्श

**राजौद**।राजौंद के वार्ड नंबर 2 में स्थित आंगनवाड़ी केद्र में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ व भ्रूण हत्या पर रोक लगाने के लिए मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें सभी आशा वर्करों ने भाग लिया। मीटिंग में एएनएम दर्शना ने कहा कि लिंगानुपात सुधारने के लिए, कन्या भ्रूण हत्या को रोकना, दहेज प्रथा के खिलाफ आवाज उठाने और बेटियों को शिक्षा के समान अवसरके लिए हमें मिलकर प्रयास करने होंगे।

### गाड़ी सहित 2 आरोपी काबू 1.30 किलो चरस बरामद

**कैथल।** एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ द्वारा उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए क्योड़क क्षेत्र से एक गाड़ी सहित 2 नशा तस्करों को काबू कर लिया गया। जिनके कब्जे से 1 किलो 30 ग्राम चरस/सुल्फा बरामद हुआ है। पुलिस प्रवक्ता ने सूचना के आधार पर नाकाबंदी करके एक काले रंग की एक्सयूवी गाड़ी को रुकवा कर राजेंद्र कुमार व मनोज कुमार को काबू कर लिया गया।

### कालेज में पढ़ने गई युवती नहीं लौटी

**कैथल।** कलायत के एक कॉलेज में पढ़ने के लिए आई युवती के घर न लौटने का मामला प्रकाश में आया है। टोहाना के एक व्यक्ति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि उसकी बेटी 20 अप्रैल को उसकी बेटी घर से कॉलेज में जाने के लिए कह कर आई थी तथा वह वापस घर नहीं लौटी। मामले के जांच अधिकारी एएसआई पिंकी रानी ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### तेजवीर बने इनेलो के जिला प्रधान महासचिव

**पूंडरी।** हरियाणा की राजनीति में संगठनात्मक बदलाव करते हुए इंडियन नेशनल लोकदल ने तेजतर्रार युवा नेता तेजवीर गुर्जर को जिला प्रधान महासचिव नियुक्त किया है। तेजवीर गुर्जर की नियुक्ति को पार्टी नेतृत्व की ओर से संगठन को जÞमीनी स्तर पर सशक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

### जैव विविधता संरक्षण पर वेबिनार में की भागीदारी

**राजौंद।** राजकीय महाविद्यालय राजौंद के विद्यार्थियों ने अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के उपलक्ष्य में उच्चतर शिक्षा विभाग पंचकूला के सौजन्य से आयोजित वेबीनार में भाग लिया। विकास वेबीनार शुरू होने से पहले इंपोर्टेंस डे सेलिब्रेशन कमेटी के इंचार्ज रवीन्द्र कुमार ने विद्यार्थियों को वेबीनार में बताया कि जैव विविधता हमारे प्राकृतिक संसाधनों की संपन्नता के साथ-साथ मानव जीवन के अस्तित्व और सतत विकास का आधार है।

### सरकारी स्कूलों में चलाया जागरूकता अभियान

**कैथल।** जिला परिषद कैथल के प्रधान कर्मबीर कौल, उप-प्रधान सोनिया व वार्ड नंबर चार के पार्षद दिलबाग के द्वारा ग्राम पंचायत बालू रापड़िया, बालू बिढान व बडसीकरी खुर्द के सरकारी स्कूल में सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान चलाया गया।

### स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया जारी

**कैथल।** आरकेएसडी कॉलेज कैथल में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया इस समय चल रही है। उच्चतर शिक्षा विभाग, पंचकूला द्वारा कल शाम को प्रवेश प्रक्रिया की पूरी समय-सारणी जारी कर दी गई।

---

### तिरंगा यात्रा इंडोर स्टेडियम से शुरू होकर देवी मंदिर पर हुई संपन्न

# ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारतीय सेना ने दुश्मन को दिया मुंह तोड़ जवाबः जांबा

### भारतीय सेना के शौर्य एवं सम्मान में पूंडरी में निकाली गई तिरंगा यात्रा, यात्रा ने लोगों में भरा देश भक्ति का जोश एवं जुनून

हरिभूमि न्यूज ⏭पूंडरी

विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए दुश्मन को मुंह तोड़ जवाब दिया है। हमारी सेनाओं ने वो कर दिखाया जो दुश्मन ने कभी सोचा भी नहीं था। दुश्मन के घर में घुसकर आतंकवाद व आतंकियों पर सीधा वार किया है। यह परचम पूरे विश्व ने देखा है। उन्हीं वीर सैनिकों के सम्मान में यह तिरंगा यात्रा निकाली गई है। विधायक सतपाल जांबा पूंडरी इंडोर स्टेडियम में भारतीय सेना के सम्मान में निकाली जा रही तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाने से पहले पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत ने ऐसी मिसाईलें बनाई हैं, जो सटीक टारगेट पर वार करती है। यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में संभव हो पाया है। हमारे देश की बागडोर ऐसे प्रधानमंत्री के हाथ में है, जिसने दुश्मन को हमेशा करारा जवाब दिया है। पहलगाम में हुए हमले में आतंकवादियों ने हमारी बहन बेटियों का सिंदूर को उजाड़ा था, हमारे वीर सैनिकों ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से उसका बदला लिया है। मात्र तीन दिन में ही दुश्मन को घुटने टेकने के लिए मजबूर कर दिया। हमें अपने वीर सैनिकों पर गर्व है। इस मौके पर सुभाष हजवाना, सतपाल चुग, देवेंद्र पांचाल, निधि मोहन, मनोज राणा, सरोज प्रजापति, विजेंद्र मैहला, कृष्ण शर्मा पिलनी, मन्नू वालिया, अमित सैनी, लाभ सिंह, डॉ बलविंदर मैहला, रामपाल कौल, ऋ षिपाल धेरडू, सोहनलाल, गुरविंदर सिंह, ईश्वर साकरा, राजेश बरसाना, बबली गोस्वामी आदि मौजूद रहे।



पूंडरी। विधायक सतपाल जांबा तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

#### पाकिस्तान को प्रभावी ढंग से जवाब दिया

उन्होंने कहा कि यह यात्रा हर नागरिक में राष्ट्रीय भक्ति की भावना को और अधिक प्रबल करने के साथ-साथ राष्ट्रीय भक्ति के जज्बे को प्रदर्शित कर रही है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारतीय सेना ने आतंकवाद और उसका समर्थन करने वाले पाकिस्तान को प्रभावी ढंग से जवाब दिया है, और यह साबित किया है कि देश की एकता और अखंडता पर हमला करने वालों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। तिरंगा यात्रा इंडोर स्टेडियम से शुरू होकर देवी मंदिर पर संपन्न हुई। इसमें स्कूल विद्यार्थी, एनसीसी केडेट, सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं से जुड़े लोगों एवं आमजन ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। यात्रा का शुभारंभ विधायक सतपाल जांबा ने किया। यात्रा ने लोगों में देश भक्ति का जोश एवं जुनून पैदा किया। इस दौरान हिंदुस्तान जिंदाबाद, भारतीय सेना जिंदाबाद के नारों से पूंडरी-फतेहपुर शहर देश भक्ति के रंग में रंग गया।





कैथल। सीवन गेट पर तिरंगा यात्रा निकालते भाजपा नेता व कार्यकर्ता।

#### सीवन गेट पर निकाली तिरंगा यात्रा

**कैथल।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता व देश की सेना के सम्मान में ाजपा ने सीवन गेट से तिरंगा यात्रा निकाली। भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष मुनीश कठवाड़ व महंत ईश्वर दास के नेतृत्व में मंडल अध्यक्ष आयुष गर्ग के मार्गदर्शन में निकली इस तिरंगा यात्रा में सैकड़ों की संख्या में विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग सहित आम नागरिक शामिल हुए। इस मौके पर मुनीश कठवाड़, आयुष गर्ग, कर्मवीर फौजी, भाजपा प्रवीण प्रजापति, यशपाल प्रजापति, शक्ति सोधा, आशा वाल्मीकि, उषा मचल, अक्षरा गुप्ता, रविन्द्र गिल,जसबीर पाबला, करमवीर जांगड़ा, जोगिंदर धीमान, कमलजीत कौर,अशोक सैनी , मुकेश सचदेवा, विक्की सैनी, सुरेंद्र बिट्टू, शशि सैनी, हर्ष बजरंगी समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।



कैथल। नगर परिषद प्रतिनिधि सुमित गर्ग नौच के समर्थन में तिरंगा यात्रा निकालते शहरवासी। फोटोः हरिभूमि

## आपरेशन सिंदूर भारत की ऐतिहासिक सफलता : नौच

- भारत की दृढ़ता और क्षमता का डंका विश्व पटल पर बजाया

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

वीरवार को शहर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। चंदाना गेट मंडल अध्यक्ष गोपाल सैनी की अध्यक्षता में निकाली यात्रा नीलकंठ मंदिर से शुरू होकर भगत सिंह चौक से होते हुए रेलवे गेट स्थित हनुमान मंदिर में इस यात्रा का समापन हुआ। यात्रा के दौरान युवाओं ने भारत माता की जय, जय हिंद, वंदे मातरम व पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए भाग लिया। तिरंगा यात्रा में नगर पालिका प्रतिनिधि सुमित गर्ग, गोपाल सैनी,अरुण शर्मा, अमित सेठ, ओमप्रकाश मीरा, हितेश शर्मा, राजेश सैनी, राजेश सिंगला, हर्ष गोयल, अभिषेक गोयल, पार्षद रिंकू सैनी, लीलू सैनी, राजेश बंसल मौजूद रहे। नगर परिषद प्रतिनिधि सुमित गर्ग नौच ने कहा कि यह यात्रा भारतीय सेना के सम्मान में निकाली जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के कुशल मार्गदर्शन में भारतीय सेना के बहादुर सैनिकों ने जिस साहस, निष्ठा और अनुशासन के साथ आपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया वह काबिल ए तारीफ है। पूरे देश व प्रदेश में सेना के पराक्रम की चर्चा है। यह यात्रा निकाल कर सेना के पराक्रम को प्रणाम किया जा रहा है। कैथल की पावन धरा पर यह केवल एक यात्रा नहीं है, बल्कि राष्ट्र धर्म पर चलने का एक संकल्प है और हम सब संकल्पित है।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर नीलकंठ मंदिर के प्रधान कृष्ण सैनी, हनुमान मंदिर समिति के प्रधान सुरेश बिंदलिश, ग्यारह रुद्री मंदिर समिति के प्रधान विनोद मित्तल, भजन गायक बहादुर सैनी, लायंस क्लब के प्रधान अशोक सैनी, महाकाल सेवा समिति से वेद प्रकाश गर्ग, राजेश बंसल, महावीर सैनी, अरुण शर्मा, सरदार स्वरूप सैनी सहित अन्य मौजूद रहे।

---

## दुर्घटना में घायल को मिलेगा कैशलेस इलाज

- कैशलेस योजना में शामिल अस्पताल के नोडल अधिकारियों व एंबुलेंस ड्राइवर को योजना के बारे दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

पुलिस महानिदेशक हरियाणा शत्रुजीत कपूर द्वारा कैशलेस स्कीम से सम्बंधित एक वीडियो कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया था, जिसमें कैशलेस स्कीम बारे वाहन दुर्घटना होने पर पीड़ति व्यक्ति को 1,50,000 रुपए तक की राशि का मुफ्त इलाज किए जाने बारे बताया गया था। उक्त योजना बारे एसपी आस्था मोदी के आदेशानुसार वीरवार को पुलिस लाईन में डीएसपी सुशील प्रकाश की अध्यक्षता में कैथल के कैशलेस योजना में शामिल अस्पताल के नोडल अधिकारियों व एंबुलेंस ड्राइवर के साथ मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें डीएसपी सुशील प्रकाश द्वारा कैशलेस स्कीम व ईडार एप्प को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए आवश्यक बातें बताई गई। बता दें केंद्र सरकार की ओर से सड़क दुर्घटना में होने वाली मौतों में कमी के उद्देश्य से घायलों को 1.50 लाख रुपये तक कैशलेस इलाज की कानूनी अनिवार्यता दी है।



कैथल। डीएसपी सुशील प्रकाश अस्पताल के नोडल अधिकारियों व एंबुलेंस ड्राइवरों को जानकारी देते हुए। फोटोः हरिभूमि

## केबल टीवी निगरानी समिति को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

डीसी प्रीति ने लघु सचिवालय स्थित कार्यालय में जिला स्तरीय केबल टीवी नेटवर्क निगरानी समिति की बैठक ली और संबंधित कमेटी के सदस्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोकल केबल नेटवर्क द्वारा केबल टीवी नेटवर्क (विनियमन) अधिनियम की सभी हिदायतों का पालन सुनिश्चित करें। इस कार्य में अगर कोई केबल संचालक कोताही करता है तो नियमानुसार उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा सभी केबल ऑपरेटर यह भी सुनिश्चित करें कि सभी क्षेत्रों में आमजन को केबल प्रसारण की बेहतर क्वालिटी मिले। डीसी प्रीति ने कहा कि जिले में न तो किसी उपभोक्ता को केबल प्रसारण के संबंध में परेशानी होनी चाहिए और न ही केबल सेवाएं प्रदाता एजेंसियों को परेशानी हो। इसके लिए अधिकारिक समन्वय बनाकर काम करें। जिला स्तरीय केबल टीवी नेटवर्क निगरानी समिति आमजन को एक मंच प्रदान करता है। यह लोकल केबल टेलीविजन नेटवर्क द्वारा प्रसारित किए जा रहे कार्यक्रमों पर निगरानी रखती है। जहां केबल टीवी कंटेंट से संबंधित शिकायत दी जा सकती है। इन शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटान किया जाएगा। उन्होंने डाक विभाग को निर्देश दिए कि वे अगली बैठक में लाइसेंस रिन्यू करने से संबंधित प्रक्रिया में कोई संशोधन है तो उसकी जानकारी उपलब्ध करवाएं। इससे संबंधित नोडल अधिकारी के बारे में जानकारी साझा की जाए। जिला में 13 एक्टिव केबल ऑपरेटर हैं, इनके क्षेत्रों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाए। डीआईपीआरओ नसीब सिंह सैनी ने बैठक में पहुंचे सदस्यों का अभिनंदन किया। वहीं वरिष्ठ पत्रकार नवीन मल्होत्रा ने दूरदर्शन से संबंधित चैनलों के प्रसारण बारे अपने विचार रखे। केबल ऑपरेटर्स ने पंजीकरण के संबंध में आ रही परेशानियों को रखा।



कैथल। डीसी प्रीति अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए। फोटोः हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

स अवसर पर डीएसपी सुशील प्रकाश, आईजी कालेज प्रिंसीपल डा. आरती गर्ग, वरिष्ठ पत्रकार नवीन मल्होत्रा, समाजसेवी रवि भूषण गर्ग, लेक्चरर पवन कुमार, डाक विभाग से तरूण भट्ट, केबल ऑपरेटर प्रतिनिधि संजय अरोडा व नरेश मौजूद रहे।

---



### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत नुक्कड़ नाटक कर किया जागरूक

**राजौद।** सत्य भारती स्कूल रसीना की छात्राओं द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत गांव की मुख्य चौपाल में लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक नाटक का आयोजन किया गया। इस नाटक में कक्षा तीसरी से पांचवी कक्षा तक की लड़कियों ने भाग लिया। लड़कियों ने नाटक के माध्यम से लोगों को बताया कि लड़कियां पढ़ लिखकर किस प्रकार समाज को जागरूक करती है और इंदिरा गांधी मदर टेरेसा लता मंगेशकर कल्पना चावला सोफिया कुरैशी और वायोमिका सिंह की भांति देश का मान और सम्मान बढ़ाती है। इस दौरान सत्य भारती स्कूल की छात्राओं ने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वह अपनी लड़कियों को स्कूल भेजें और उन्हें लड़कों के समान आदर और सम्मान दें और उन्हें बराबरी का दर्जा दें। इस अवसर पर सत्य भारती स्कूल रसीना का सारा स्टाफ मौजूद रहा।

## बेटियों की शिक्षा पर बल दिया

- जागरूकता एवं चेतना शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के तहत जिले के निम्न लिंगानुपात वाले गांवों के लिए जाट कॉलेज के सभागार में जागरूकता एवं चेतना शिविरों का आयोजन किया गया। इसमें इन गांव से संबंधित एएनएम, आशा वर्कर, आंगनबाड़ी वर्कर ने भाग लिया। शिविर के दौरान लिंगानुपात सुधार एवं बेटियों की शिक्षा पर बल दिया गया। शिविरों में डीएसपी सुशील प्रकाश ने कहा कि बेटियां किसी भी क्षेत्र में कम नहीं है। सभी क्षेत्रों में देश व प्रदेश का नाम रोशन कर रही है। अगर लिंगानुपात कम होगा तो समाज में अपराध भी बढ़ेगा। हमें कन्या भ्रूण हत्या को लेकर समाज को जागरूक करना है। हमें बेटियों को बचाना है और पढ़ाना है।

इसी प्रकार अंजू ने महिला उत्थान को लेकर प्रेरक प्रसंग प्रस्तुत किए। जिला नोडल अधिकारी पीएनडीटी डॉ. गौरव पूनिया ने सभी वक्ताओं का स्वागत और सभी प्रतिभागियों को लिंगानुपात में सुधार करने के लिए अपना शत-प्रतिशत देने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या के दुष्परिणामों और कानूनी प्रावधानों पर प्रकाश डाला। उन्होंने एएनएम, आशा वर्कर, आंगनबाड़ी वर्कर से आह्वान किया कि अगर उन्हें भ्रूण जांच से संबंधित कोई जानकारी मिले तो तुरंत प्रशासन के संज्ञान में लेकर आएं, ताकि उस पर कार्रवाई की जा सके।



कैथल। जागरूकता शिविर में उपस्थित एएनएम, आशा वर्कर, आंगनबाड़ी वर्कर।

**मारपीट में एक घायलः कलायत।** पुलिस ने मारपीट का एक मामला दर्ज किया है। बाता गांव के अशोक ने कलायत पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 18 मई को सोहन, अशोक, जोनी, सन्नी, विकी, विजयपाल, विनोद, रोहित, सौकी, प्रताप, गोगी, सुल्तान, महेंद्र, हरपाल, काका, संजीव, मन्नू, श्याम और जॉनी ने मिलकर घायल कर दिया। जांच अधिकारी एएसआई कुलदीप ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया है।

---

### इंडस स्कूल में इनवस्टीचर एवं स्कॉलर बैज सेरेमनी मनाई

# विद्यार्थियों को चुनौतियों से न डरने की सलाह दी

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

इंडस पब्लिक स्कूल, कैथल में अत्यंत भव्य एवं गरिमामय इनवस्टीचर एवं स्कॉलर बैज सेरेमनी हर्षोल्लास एवं गौरवपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ.अशीमुद्दीन, लेफ्टिनेंट डॉ. रघुबीर सिंह लांबा तथा इंडस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के डायरेक्टर श्री सुभाष श्योराण की उपस्थिति ने समारोह की शोभा को चार चांद लगा दिए। समारोह का शुभारंभ पारंपरिक तिलक व संगीतमय सलामी के साथ हुआ। चौधरी मित्रसेन जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन के पश्चात कार्यक्रम औपचारिक रूप से आरंभ किया गया। अभिमन्यु पर आधारित सशक्त नाट्य मंचन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह का आकर्षण छात्र परिषद शपथ ग्रहण एवं अलंकरण रहा। जिसमें हेड बॉय वासु 11वीं कक्षा, हेड गर्ल यशप्रीत कौर 11वीं कक्षा से एवं नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को गौरव पदक प्रदान कर राष्ट्रभक्ति की शपथ दिलाई।



कैथल। प्रधानाचार्या तनु पुनिया व अन्य अतिथियों का स्वागत करते हुए।

#### विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार दिया

विद्यालय की प्रधानाचार्या तनु पूनिया ने विद्यार्थियों को अनुशासन, समर्पण एवं उत्कृष्टता को जीवन में उतारने की प्रेरणा दी। साथ ही शैक्षणिक उत्कृष्टता हेतु मेधावी विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ. अशीमुद्दीन ने विद्यार्थियों को भारतीय थल, जल एवं वायु सेना की कार्यप्रणाली से परिचित कराते हुए संघर्ष, अनुशासन व देशभक्ति को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संदेश दिया। वहीं लेफ्टिनेंट डॉ. रघुबीर सिंह लांबा ने महाभारत के वीर अभिमन्यु का उदाहरण देते हुए साहस और आत्मविश्वास के महत्व को रेखांकित किया। डायरेक्टर श्री सुभाष श्योराण ने भी अभिमन्यु के संघर्षमय जीवन को आधुनिक विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए उन्हें चुनौतियों से न डरने की सलाह दी। विद्यालय के डायरेक्टर अभिषेक सहारण ने छात्रों की प्रतिभा, आत्मविश्वास एवं परिश्रम की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

---

**बा अदालत सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी कलायत**

1- अमरजीत पुत्र बनवारी लाल, 2- रणधीर सिंह, 3- अमरनाथ पुत्रान राजपाल पुत्र शकर, 4- अशोक पुत्र कुलदीप पुत्र राजपाल निवासीगण गांव बडसीकरी खुर्द बिस्वेदार गांव कमालपुर तहसील कलायत जिला कैथल

.....प्रार्थीगण

बनाम

1-हुकम चन्द, 2-बिरखा राम, 3. सोहन लाल, 4-गणपत पुत्रान जैयराम पुत्र नत्थू 5-श्रीमती गीता, 6-श्रीमती पूर्णा, 7- श्रीमती गणपति पुत्रीयान जैय राम पुत्र नत्थू 8-भूपचन्द, 9-मोहनलाल, 10-ख्याली राम, 11. ओमप्रकाश, 12, कश्मीरी लाल पुत्रान पूर्ण पुत्र नत्थू निवासीगण गांव बडसीकरी कलां तहसील कलायत जिला कैथल

.....उत्तरवादीगण

उपरोक्त मुकदमा दुरूस्ती गिरदावरी सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी-कलायत के न्यायालय में विचाराधीन है। उपरोक्त वर्णित उत्तरवादीगण को बजरिये इस्तहार अखबार सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मुकदमा में अगामी तारीख पेशी 02-06-2025 निश्चित की गई है। आप को हिदायत दी जाती है कि दिनांक 02-06-2025 को असालतन या वकालतन सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी कलायत के न्यायालय में पेश होकर अपने मुकदमा की पैरवी करें। पेश ना होने की सुरत मे उतरवादीगण के खिलाफ एक तरफा कार्यावाही अमल में लाई जावेगी।

**सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी, कलायत**

**न्यायालय तहसीलदार कम सब रजिस्ट्रार जीन्द**

**वेद प्रकाश पुत्र स्व० श्री रघुवंश लाल निवासी कानुगो मोहल्ला सफीदो गेट जीन्द तह० व जिला जीन्द**

**बनाम**

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सुचित किया जाता हैं कि प्रार्थी के पिता स्व० श्री रघुवंश लाल पुत्र श्री रघुवीर दास का स्वर्गवास दिनांक 12-08-1998 और प्रार्थी की माता स्व० श्रीमती बिमला देवी पत्नी स्व० श्री रघुवंश लाल का स्वर्गवास दिनांक 02-04-1999 को हो चुका हैं और मेरे दादा-दादी का स्वर्गवास भी बहुत पहले हो चुका है। यह हैं कि मुझ प्रार्थी के माता व पिता के स्वर्गवास के बाद निम्नलिखित वारिसान हैं:- 1-वेद प्रकाश (पुत्र), 2- भारत भुषण (पुत्र), 3- वर्षा रानी (पुत्री), 4- नीलम पाठक (पुत्री), 5- तृप्ता देवी (पुत्री), 6- सीमा रानी (पुत्री) है। उपरोक्त छः वारिसान के इलावा मृतक का अन्य कोई वारिस नहीं हैं अगर होगा तो उसकी जिम्मेवारी हर प्रकार से प्रार्थी की होगी। जिसके संबंध में प्रार्थी ने शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस द्वारा सुचित किया जाता हैं कि उपरोक्त मृतक के बताए गए वारिस/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक व एतराज हो तो वह स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से इस इश्तहार/नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर अन्दर इस कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता/सकती है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेजों का पंजीकरण कर दिया जाएगा।

यह नोटिस आज दिनांक 21.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय को मोहर द्वारा जारी किया गया हैं।

हस्ता/-सब रजिस्ट्रार, जींद

**ग्राम पंचायत, लोहचब**

**ब्लॉक व जिला जींद (हरियाणा)**

**बोली सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गांव लोहचब में दिनांक 28.05.2025 को सामान्य चौपाल में प्रातः 10 बजे सरेआम बेरी वाले तालाब में पैदा हुई मछलियों की बोली (सफाई) ग्राम पंचायत द्वारा करवाई जाएगी। जिसकी नियम व शर्तें मौके पर पढ़कर सुनाई जाएंगी। जमानत राशि 10000/-रू ली जाएगी।

ग्राम सचिव
आरजू (8307333199)

अमरपति,
सरपंच गांव लोहचब
खण्ड जींद

## खबर संक्षेप

### महिला से की मारपीट दंपति पर मामला दर्ज

**जींद।** गांव भैरवखेड़ा में महिला के साथ मारपीट करने पर जुलाना थाना पुलिस ने दंपत्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव भैरवखेड़ा निवासी भतेरी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गली में पडोसन हिना से कहासुनी हो गई थी। उसी दौरान हिना का पति अमित वहां पर आ गया। दोनों ने उसके साथ मारपीट की। आसपास के लोगों ने उसे दोनों की चंगुल से छुड़ाया।

### मकान का टूटा ताला नगदी तथा गहने चोरी

**जींद।** गांव लिजवाना कलां में बीती रात चोरों ने मकान को ताला तोड कर सोना, चांदी के जेवरात तथा 24 हजार रुपये की नगदी को चोरी कर लिया। जुलाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। विनोद ने बताया कि वह मकान पर ताला लगा कर मंदिर मे गया था। वापस लौटा तो मकान पर लगा ताला टूटा हुआ था। जांच करने पर नगदी, सोने की अंगूठी, पाजेब तथा सूट गायब मिले।

### गुरुद्वारे की दान पेटियों से लाखों की चोरी

**गुहला-चीका।** बीती रात गांव खंभेड़ा सहित कई अन्य गांवों के गुरुद्वारों से चोरों ने दान पेटियों (गोलक) में रखे लाखों रुपये चुरा लिए। स्थानीय लोगों में घटना को आक्रोश है। प्रशासन से मांग की है कि दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए और गुरुओं के घर से चुराई गई रकम को बरामद किया जाए। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो हालात और बिगड़ सकते हैं।

### 33 केवी सब स्टेशन में त्रिवेणी लगाई

**जींद।** सीआरएसयू स्थित 33 केवी सब स्टेशन में त्रिवेणी लगाकर पौधरोपण किया। पवन शर्मा और नन्नू ने कहा कि पेड़.पौधे हमारे जीवन का आधार हैं। इनसे हमें ऑक्सीजन मिलती है। इसके अलावा फल, लकडियां और दवाइयां भी प्राप्त होती है। पेड़ व पौधे पर्यावरण प्रदूषण को रोकने में सहायक होते हैं। पेड़ हमें छाया देकर गर्मी से बचाते हैं। पर्यावरण संरक्षण को पेड़ अवश्य लगाएं।

### 65 प्राचार्य, बीआरसी लेक्चरर बने बीईओ

**जींद।** माध्यमिक शिक्षा विभाग ने प्रदेश के 65 प्राचार्य, बीआरसी और वरिष्ठ लेक्चरर को बीईओ के पद पर पदोन्नति दी है। जींद के बीआरसी राजपाल देशवाल, प्राचार्य राजेंद्र आजाद, बीआरसी गुरमुख सिंह, रणपाल श्योकंद सुरेश मलिक, सुरेश कुमार, अनिल कुमार को खंड शिक्षा अधिकारी के पद पर पदोन्नति दी है। सभी ने कहा कि छात्रों को बेहतर शिक्षा देने के लिए हमेशा प्रयासरत रहेंगे।

### मारपीट में पिता पुत्र सहित चार घायल

**कैथल।** गुहला पुलिस ने मारपीट का एक मामला दर्ज किया है। स्यूमाजरा के गुरदेव सिंह ने आरोप लगाया है कि 20 मई को जगदीश, लाल सिंह, अमरीक सिंह, गुरमुख, लवप्रीत, जोगिंदर सिंह, बलजिंदर सिंह, मनप्रीत सिंह तथा दलेर सिंह ने लाठी, गंडासी व तलवारों से हमला कर उसके पिता दरबारा सिंह उसे व अन्य को घायल कर दिया।

## 15 फीडर रहे ब्लैकआउट, कई जगह सुबह तक बहाल हो पाई बिजली

# आंधी से 772 पोल व 57 ट्रांसफार्मर गिरे बिजली ठप, बहाल करने में जुटे रहे कर्मी

### आंधी ने गर्मी से दिलाई राहत, तापमान तीन डिग्री तक गिरा

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद



**जींद।** तेज आंधी से गिरा पेड़। फोटोः हरिभूमि

जिले में बुधवार देर शाम को आई तेज आंधी से बिजली व्यवस्था पूरी तरह से बिगड़ गई। इससे पूरे जिले में ब्लैक आउट हो गया। आंधी के कारण जिले में 772 पोल और 57 ट्रांसफार्मर गिर गए। कई जगह केबल जल गई वहीं ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गए और कंडक्टरए फ्यूज उड़ गए। इसके कारण बिजली निगम का शेड्यूल बिगड़ गया। कर्मचारी बिजली बहाल करने के लिए रातभर लगे रहे लेकिन कई कॉलोनियों में बिजली सप्लाई बहाल नहीं हो पाई। आंधी के कारण जिले में 110 से ज्यादा बिजली के पोल गिर गए वहीं 300 के लगभग पेड़ भी टूट गए। इसके कारण कई जगह रास्ते भी बंद हो गए थे। पोल गिरने के कारण लोगों को बिना बिजली के रात बितानी पड़ी। वहीं गर्मी के कारण बिजली की खपत लगातार बढ़ रही है। पांच दिन पहले तक बिजली की खपत 66 लाख यूनिट थी लेकिन मंगलवार तक बिजली खपत बढ़कर 80 लाख यूनिट पर पहुंच गई। आगामी दिनों में बिजली खपत और बढ़ेगी। लू और उमस भरी गर्मी में पंखें व कूलर भी जवाब दे रहे हैं। जिससे एसी की मांग बढ़ गई है। बिजली निगम जींद डिवीजन एक्सईएन विकास मलिक ने बताया कि जहां पर भी बिजली के पोल गिरे हैं, उन्हें ठीक किया जा रहा है। जहां पर बिजली की तारें टूटी थीए उन्हें रात को ही ठीक कर दिया गया था। आंधी के कारण सिविल अस्पताल में प्रथम तल पर बने कमरे के शीशे टूट गए और इसका कांच यहां उपचाराधीन घिमाना गांव के मरीज चांद राम पर जा गिरा। इससे चांद राम को हाथ, पैर, माथे पर चोटें आई। चांदराम को एमरजेंसी में उपचार के लिए दाखिल किया गया है। पेड़ गिरने से लिंक रास्ते बाधित रहे। गुरूवार सुबह ग्रामीणों ने मिलकर पेड़ों को रास्ते से हटाया तो रास्ते खुल पाए। बुधवार देर शाम को आए तेज अंधड़ के साथ घरों के अंदर तक रेत घुस गया। आंधी के कारण पेड़ गिरने लगे तो बिजली निगम ने बिजली सप्लाई बंद कर दी।

### विद्यापीठ मार्ग पर ट्रांसफार्मर में आया बड़ा फाल्ट

शहर के विद्यापीठ मार्ग पर बुधवार देर शाम को आंधी से बड़ा फाल्ट आ गया था। इससे इस एरिया की बिजली गुल हो गई थी। कर्मचारियों ने मौके पर जाकर फाल्ट ठीक किया, लेकिन उसके बावजूद सप्लाई बहाल नहीं हुई। सुबह भी कर्मचारी ट्रांसफार्मर में आई खामियों को दुरूस्त करने में लगे रहे। फिर भी खामी दूर नहीं हो पाई। यदि खामी दूर नहीं हुई तो ट्रांसफार्मर ही बदलना पड़ेगा।

### रातभर लगे रहे कर्मचारीः एसई

बिजली निगम के एसई एमएल सुखीजा ने बताया कि आंधी से कई जगह लाइनों व ट्रांसफार्मरों में फाल्ट आए। जिले में 772 पोल व 57 ट्रांसफार्मर गिरे। रातभर लगे कर्मचारियों ने सुबह तक बिजली सप्लाई बहाल कर दी।



**जींद।** आंधी के दौरान गिरे उपकरण। फोटोः हरिभूमि

### आंधी-तूफान से तबाही, 500 पोल गिरे

**पूंडरी।** देर सांय आई तेज आंधी और तूफान ने पूरे क्षेत्र में भारी तबाही मचाई, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। तूफान के चलते बिजली निगम के 500 से अधिक बिजली के पोल गिर गए, जिससे कई गांव और शहरी इलाके अंधेरे में डूब गए। बिजली निगम के कार्यकारी अभियंता प्रदीप श्योकंद ने आज स्थिति का जायजÞा लेने के लिए प्रभावित इलाकों का दौरा किया और स्वयं मौके पर खड़े होकर बिजली आपूर्ति बहाल करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि तूफान की गति इतनी तेजÞ थी कि मजबूत पोल भी गिर गए, और कई जगहों पर तारें टूट गईं, जिससे बिजली सप्लाई पूरी तरह बाधित हो गई। प्रदीप श्योकंद ने कहा स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए हमारी टीमें युद्ध स्तर पर कार्य कर रही हैं। हमने अतिरिक्त मजदूरों और उपकरणों की व्यवस्था की है ताकि किसी भी प्रकार की देरी न हो। उन्होंने बताया कि कई स्थानों पर नए बिजली पोल लगाने का कार्य शुरू कर दिया गया है, और जहां तार टूटे हैं, वहां उन्हें दुरुस्त करने का काम भी तेजी से चल रहा है।



**कैथल।** आंधी के कारण गिरे पेड़। फोटोः हरिभूमि

## तूफान की तबाही, 800 पोल गिरे

- सड़कों पर गिरे 500 से अधिक पेड़, करीब 800 बिजली के खंभे भी गिरे, 70 ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त
- आंधी के कारण रात के समय ग्रामीण क्षेत्र में करीब चार घंटे तक बिजली भी रही गुल

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

जिलेभर में बुधवार देर शाम आंधी के साथ आए तूफान ने खूब तबाही मचाई। इस तूफान के कारण बिजली निगम व वन विभाग को काफी नुकसान हुआ है। तूफान के बाद जिले में अलग-अलग जगहों पर 515 वृक्ष गिरे। पूंडरी क्षेत्र में 175, चीका क्षेत्र में 180 व कैथल क्षेत्र में 160 वृक्ष गिरे। वहीं, 800 के करीब बिजली के खंभे भी गिरे। इसके साथ ही 70 ट्रांसफार्मरों को क्षति भी पहुंची। आंधी से रात के समय ग्रामीण क्षेत्र में करीब चार घंटे तक बिजली भी गुल रही। इससे लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। उन्हें गर्मी में ही रात गुजरानी पड़ी। हालांकि इस दौरान जिले में कुछ ही जगहों पर हलकी बारिश हुई। तूफान से कैथल-खनौरी रोड पर स्थित ओम विश्वा राइस मिल में चिमनी गिर गई। शेड की चादर भी उड़ गई। मिल के मालिक दीपक गर्ग ने बताया कि इससे उन्हें लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। जिले में अलग-अलग जगहों पर मुख्य मार्गों वृक्ष व बिजली के खंभे गिरने के कारण रास्ता भी अवरुद्ध हुआ। इस दौरान चीका, कैथल व सीवन, चीका, पूंडरी और राजौंद क्षेत्र में वृक्ष व बिजली के खंभे गिरने के कारण जाम की स्थिति बनी रही। राजौंद क्षेत्र में सौंगल-जाखौली और हरसौला से सौंगल मार्ग पर करीब एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी। वहीं कैथल-पटियाला स्टेट हाइवे पर तीन से चार जगह पर बीच सड़क पर वृक्ष गिरने के कारण अलग-अलग समय में करीब दो घंटे तक जाम लगा रहा। इस कारण वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### 6 घंटे सप्लाई बाधित

*उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता सोमबीर भलोठिया ने बताया कि बुधवार देर शाम को आए आंधी व तूफान के कारण निगम को भारी नुकसान हुआ है। इस दौरान करीब 800 खंभे व 70 के करीब ट्रांसफार्मर गिरे हैं। इसके चलते कई ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली करीब छह घंटे तक आपूर्ति प्रभावित रही लेकिन बारिश रुकने के बाद तुरंत ही कर्मियों ने व्यवस्था बना दी थी।*

## स्वच्छता जागरूकता, नशे के खिलाफ कार्यक्रम

- आदर्श गांव बालू के रावमावि में किया गया आयोजन।

हरिभूमि न्यूज ⏭कलायत



**कलायत।** कलायत के गांव बालू में स्वच्छता जागरूकता और नशा के खिलाफ आयोजित कार्यक्रम में मौजूद मेहमान व शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव बालू में स्वच्छता जागरूकता एवं नशे के खिलाफ कार्यक्रम का मंच सजा। इसकी अध्यक्षता प्रधानाचार्य अखिलेश्वर द्वारा की गई। मुख्यातिथि के तौर पर जिला पार्षद दीप बालू मौजूद रहे। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश ड्रूषसगला, लोकगायक कर्मबीर फौजी, बालू खाप प्रधान रामचंद्र सिंह, राजकुमार राणा, विभिन्न विषयों के शिक्षक, आंगनबाडी वर्कर व गांव के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्रधानाचार्य ने मेहमानों को सम्मान से नवाजा। बीईओ ने कहा कि स्वच्छता बहुत महत्वपूर्ण विषय है। सबको स्वच्छता अभियान में सहयोगी बन कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लिए गए संकल्प को पूरा करना चाहिए।

स्वच्छता की शुरूआत खुद से करनी होती है। दीप बालू ने कहा कि अपने आसपास के क्षेत्र को पूरी तरह से स्वच्छ रखना हर नागरिक का नैतिक दायित्व है। स्कूल में अध्यापकों द्वारा भी बच्चों को स्वच्छता के बारे में लगातार जागरूक करना चाहिए। यदि आवासीय क्षेत्र व पर्यावरण स्वच्छ होगा तो निसंदेह बीमारियां भी सिर नहीं उठा पाएंगी।

### समाज को नशामुक्त बनाने में मांगा सहयोग

पुलिस विभाग में तैनात सुनील संधू और ओमप्रकाश ने नशामुक्त समाज बनाने में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल पुलिस पूरा नहीं कर सकती। इसमें समाज में रहने वाले हर व्यक्ति को सजग प्रहरी बनना होगा। नशा लगातार युवा वर्ग को अपना शिकार बना कर खोखला कर रहा है। उन्होंने सभी उपस्थित अध्यापकों, ग्रामीणों व छात्र छात्राओं को नशा न करना और उसे रोकने में सहयोगी होने की शपथ दी दिलवाई।

## राकवमावि में एसएमसी का गठन

- कलायत स्कूल में शिक्षक अभिभावक बैठक आयोजित।

हरिभूमि न्यूज ⏭कलायत



**कलायत।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में एमएमसी कमेटी से रूबरू शिक्षक। फोटोः हरिभूमि

कलायत के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में प्रबंधन समिति का गठन हो गया है। शिक्षा विभाग के दिशा-निर्देश अनुसार प्रधानाचार्य डा. रामगोपाल शर्मा की देखरेख में इस कार्यवाही को पूर्ण किया गया। सरकारी स्कूलों में स्कूल मैनेजमेंट समिति का मुख्य कार्य स्कूल के विकास, प्रबंधन और शैक्षणिक गतिविधियों को बेहतर बनाना है। स्कूल की 12वीं कक्षा में 70 में से 23 छात्रा मेरिट सूची में आए। 75 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त करने वाली कुल 29 छात्राएं रहीं। कक्षा दसवीं में कुल 64 बच्चों ने परीक्षा दी थी। इसमें 17 ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। 29 छात्राओं ने 75 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त किए। अभिभावक समय निकालकर स्कूल का दौरा करें। इस मौके पर सुरेंद्र कुमार, बृजपाल राणा, विश्व प्रताप राणा, कपिल शास्त्री, सुनील, गुरनाम सिंह, निर्मला, रमन, जसविंदर कौर, सुमन मौजूद रहे।

## महिला की संदिग्ध मौत, केस दर्ज

- मायका पक्ष की शिकायत पर पति सहित 6 को किया नामजद।

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद



**जींद।** मृतका के शव का पोस्टमार्टम करवाने आए परिजन। फोटोः हरिभूमि

भगत सिंह कालोनी में महिला की संदिग्ध हालात में मौत होने पर शहर थाना पुलिस ने पति समेत छह लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज किया है। मूलतः गांव पेटवाड़ हाल आबाद भगत सिंह कालोनी निवासी रवि की पत्नी निशा (25) की बीती रात संदिग्ध हालात में मौत हो गई। ससुराल पक्ष का कहना था कि निशा ने फांसी का फंदा लगाया है। नागरिक अस्पताल में ले जाए जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शहर पुलिस तथा मृतका का मायका पक्ष मौके पर पहुंच गया और हालातों का जायजा लिया। मृतका के भाई गांव खरैंटी (रोहतक) निवासी सागर ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि उसकी बहन की शादी दिसंबर 2019 में रवि के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुरालीजन निशा पर दहेज के लिए दबाव बनाए हुए थे। लगभग पांच दिन पहले निशा से दो लाख मायके से लाने के लिए दबाव बना रहे थे। जब निशा ने रुपये लाने से मे असमर्थता जताई तो आरोपितों ने योजनाबद्ध तरीके से हत्या कर दी। शहर थाना पुलिस ने सागर की शिकायत पर पति रवि, देवर शंकर, सास गुड्डी, ससुर रामफल, चाचा ससुर रमेश तथा चाची सास के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शहर थाना के जांच अधिकारी महिपाल सिंह ने बताया कि मृतका के भाई ने आरोप लगाते हुए शिकायत दी थी।

## अवैध कालोनी में डीटीपी ने की तोड़फोड़

- कार्रवाई के दौरान ड्यूटी मजिस्ट्रेट व पुलिस रही मौजूद।

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल



**कैथल।** पूंडरी में अवैध कब्जे को हटवाती जेसीबी। फोटोः हरिभूमि

जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान ने बताया कि पूंडरी की राजस्व सम्पदा में छह एकड में पनप रही अवैध कालोनी में जिला प्रशासन के सहयोग से तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई के दौरान बिजली विभाग गुहला के कार्यकारी अभियंता गौरव लोचब बतौर डयूटी मजिस्ट्रेट तैनात रहे। डीटीपी कार्यालय का अमला पुलिस बल के साथ अवैध कालोनी में पहुंचा और नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई गई। उन्होंने बताया कि कार्यालय के संज्ञान में पूंडरी की राजस्व सम्पदा में छह एकड़ में अवैध रूप से पनप रही कालोनी का मामला आया था, जिसके उपरांत कार्यालय द्वारा भूस्वामियों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी करके निर्माण विकसित करने के लिए जरूरी अनुमति प्राप्त करने वाले आदेश दिए गए थे। परंतु भू-स्वामियों द्वारा ना तो मौके पर बनाए जा रहे निर्माण को रोका गया और न ही विभाग से किसी प्रकार की अनुमति के लिए आवेदन किया गया था। जिसके बाद टीम द्वारा सड़क नेटवर्क तथा परिकाष्ट से बनी चारदीवारी को जेसीबी की मदद से तोड़ा गया।

### जिले में नहीं पनपने दी जाएंगी अवैध कॉलोनी

इस अवसर पर जिला नगर योजनाकार द्वारा आम लोगों को आगाह किया गया कि नियंत्रित क्षेत्र में निर्माण इत्यादि गतिविधियों को करने से पहले नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग हरियाणा से प्राप्त कर लें। उन्होंने बताया कि शहर में अवैध निर्माणों व अवैध कालोनियों को किसी भी सूरत में पनपने नहीं दिया जाएगा। अवैध निर्माण करने वालों पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### हिंदू मेरिज एक्ट में संशोधन की मांग, राष्ट्रपति पीएम से मिलेगा 21 सदस्यीय प्रतिनिधमंडल

**जींद।** उचाना खुर्द आईटीआई में गुरूवार को आयोजित रक्तदान शिविर में पहुंचे जाट धर्मशाला कुरूक्षेत्र के नवनियुक्त प्रधान कृष्ण श्योकंद ने कहा कि खापों के साथ युवाओं का नहीं हो रहा जुड़ाव। खापों में जो त्रुटियां आई हैं, उनको लेकर कुरूक्षेत्र में तीन दिनों का सेमिनार होगा। हिंदू मेरिज एक्ट में संशोधन की मांग को लेकर सर्व जातीय सर्व खाप महपंचायत में 21 प्रतिनिधि मंडल चुना था। कानूनी राय लेने के बाद प्रतिनिधि मंडल राष्ट्रपति, पीएम, केंद्रीय कानून मंत्री व सीएम से मिलेगा। उन्होंने खाप पंचायतों से गांवों के मंदिरों व चबूतरों के साथ लाइब्रेरी व कोचिंग सेंटर बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कुरूक्षेत्र में महापंचायत में प्रदेश की खापों, धर्मशालाओं, धार्मिक संगठनों के 41 प्रतिनिधि पहुंचे व 21 प्रतिनिधियों का अध्यक्ष मंडल चुना।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### आज खत्म होगा देवेंद्र का चार दिन का रिमांड

**कैथल।** पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार मस्तगढ़ गांव के आरोपी देवेंद्र का बढ़ा हुआ चार दिन का रिमांड शुक्रवार को समाप्त होगा। जिसके बाद पुलिस आरोपी को फिर से प्रथम श्रेणी के जूनियर मजिस्ट्रेट विरेन काद्यान की अदालत में पेश करेगी। रिमांड खत्म होने के बाद आरोपी की ओर से की गई गतिविधियों पर कई खुलासे हो सकता है। अभी पुलिस की ओर से इस मामले में जांच जारी होने की बात कही है। आरोपी से अब तक मिलिट्री की इंटेलिजेंस व एनआईए की टीम पूछताछ कर चुकी है। अब तक की पूछताछ में देवेंद्र के मोबाइल फोन से लगभग 300 जीबी डाटा रिकवर किया गया था। आरोपी ने पुलिस के समक्ष स्वीकार किया था।

## डीएवी स्कूल में अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर कार्यक्रम

# चित्रकारी व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद



**जींद।** प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटोः हरिभूमि

अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के उपलक्ष पर हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड के चेयरमैन रणदीप सिंह जौहर एवं सदस्य सचिव अतुल जे. सिरिस्कर के मार्गदर्शन में वीरवार को स्थानीय डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल में चित्रकारी तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वन मंडल अधिकारी पवन ग्रोवर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में डीडी विद्यार्थी, डा. सुभाष चंद्र, वनरक्षक मदन लाल व वन विभाग के कर्मी मौजूद रहे। स्कूल में पौधरोपण भी किया गया। वन मंडल अधिकारी पवन ग्रोवर ने बताया कि 22 मई का दिन अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के रूप में घोषित किया गया है ताकि सार्वजनिक शिक्षा व जागरूकता बढ़ाई जा सके और मानव गतिविधियों के कारण जैव विविधता के लिए उत्तम महत्वपूर्ण चुनौतियां की पहचान हो सके। साथ ही भावी पीढियों के लिए वैश्विक परिसंपत्ति के रूप में जैव विविधता की भूमिका को भी समझा जा सके। जैव विविधता बोर्ड सलाहकार विनोद कड़वासरा ने बताया कि वर्ष 22 मई 1992 में नैरोबी (केन्या) में कन्वेंशन ऑन बायोलॉजिकल डायवर्सिटी को अपनाया गया। इसलिए इस दिन का विशेष महत्व है। प्राचार्या ने बताया कि जमीन पर प्रत्येक प्राणी का अपना-अपना महत्व होता है। सभी जीवों को जीने का अधिकार है। पर्यावरण में हर जीव जंतु पेड़ पौधों का खास महत्व है। वन अधिकारी ने बताया कि जैव-विविधता की कमी होने से बाढ़, सूखे व तूफान जैसी प्राकृतिक आपदा का खतरा बढ़ा है।

### यह जैविक खेती की तरफ बढ़ने का समय

डा. सुभाष चंद्र ने बताया कि जैविक खेती जैव विविधता संरक्षण के लिए अहम भूमिका निभा रही है। इसलिए सभी को जैविक खेती की तरफ ध्यान देना चाहिए ताकि जैव विविधता को बचाया जा सके। क्योंकि हानिकारक कीटनाशकों के प्रभाव से हमारे अच्छे किट मित्र भी मर जाते हैं। जिसके कारण जैव विविधता को बहुत बड़ा नुकसान होता है।